# कार्यालय, अंचल अधिकारी, पेशरार, लोहरदगा।

**राजस्व विविध वाद सं0– 01/25–26**

**वाद का प्रकार– प्रमिला देवी पति अशोक महतो ग्राम–रोरद ऑनलाईन नामांतरण वाद सं0 03/2025–26**

26.07.2025

आवेदिका श्रीमती प्रमिला देवी, पति अशोक महतो, ग्राम रोरद, थाना पेशरार, जिला लोहरदगा के नाम से मौजा रोरद, थाना संख्या– 36, हाल खाता संख्या– 40, हाल प्लॉट संख्या – 656, रकबा– 47 डिसमिल भूमि का रजिस्ट्री पट्‌टा का छायाप्रति दाखिल खारिज हेतु उपलब्ध कराया गया जिसका दाखिल खारिज वाद संख्या 03/2025–26 है जो NGDRS के माध्यम से प्राप्त है।

उक्त भूमि के वंशज एवं हिस्सेदार बताकर श्री राम जन्म सिंह पिता स्व0 राधे सिंह, ग्राम रोरद, पोस्ट– पेशरार, थाना पेशरार जिला– लोहरदगा द्वारा आपति आवेदन समर्पित किया गया है कि दाखिल खारिज नहीं किया जाए। प्राप्त आवेदन के आलोक में राजस्व उप निरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक से दिनांक 09.08.2025 तक प्रतिवेदन की मांग करें तथा आपत्ति आवेदन के संबंध में दोनों पक्षों को सभी राजस्व दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष रखने हेतु खास नोटिश निर्गत करे।

अभिलेख दिनांक 19.8.2025 को उपस्थापित करें।

**लेखापित**
26/07/2025
**अंचल अधिकारी**
**पेशरार।**

26/07/2025
**अंचल अधिकारी,**
**पेशरार।**

19.08.25 अभिलेख उपस्थापित।

राजस्व उपनिरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक द्वारा जॉच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है कि मौजा रोरद, थाना सं0 36, ऑनलाइन नामातरण वाद संख्या 03 R27/2025–26 आवेदित भूमि हाल खाता –40, हाल प्लाट–656, रकबा 47 डी0, केता– श्रीमति प्रमिला देवी, पिता– श्री जयराम महतो, पति अशोक महतो साकिन– रोरद द्वारा रजिस्ट्री पट्‌टा सं0– 1382 दिनांक– 10.06.2025 लोहरदगा से विकेता 1) खिलेश्वर सिंह पिता स्व0 जलेश्वर सिंह 2) महेन्द्र सिंह पिता स्व0 दिनो सिंह साकिन–रोरद, वर्तमान पता ग्राम–पुन्दाग से खरीदगी किया गया है।

आवेदित भूमि के संबंध में आपत्तिकर्त्ता रामजन्म सिंह पिता स्व0 राधे सिंह द्वारा दिनांक 26.07.2025 को अंचल कार्यालय में लिखित आवेदन देकर कहा गया कि उक्त भूमि से संबंधित गलत वंशावली बनाकर जमीन की बिकी की गई है तथा उक्त प्लाट पर इनका भी हिस्सा है।

Digitally signed by PANKAJ KUMAR
Date: 2025.12.08 11:15:27 +05:30
Location: 10.16.184.45

Scanned with OKEN Scanner